सकुबाई

1. सकुबाई किसकी रचना है ?
   नादिरा ज़हीर बब्बर की
2. सकुबाई किस विधा की रचना है ?
   एकल नाटक
3. सकुबाई नाटक की विशेषता क्या है ?
   एक पात्राभिनय नाटक है
4. नादिरा ज़हीर बब्बर किस क्षेत्र में सर्वाधिक प्रतिष्ठित है ?
   रंगकर्म में
5. नादिरा की प्रसिद्ध संस्था कौन सा है ?
   एकजुट
6. सकुबाई क्या काम करती है ?
   सकुबाई मुंबई के एक मध्यवर्गीय परिवार में नौकरानी का काम करती है
7. मंच पर सकुबाई के प्रवेश होने पर हम फ्लैट को किस हालत में पाते हैं ?
   वह मुंबई में रहनेवाले मध्यवर्गीय परिवार का फ्लैट था। घर बड़ी आस्त-व्यस्त हालत में थी। चीज़ें इधर-उधर बिखरी पड़ी थी।
8. फ्लैट को अस्त-व्यस्त पाकर सकुबाई क्या करती है ?
   सकुबाई कहती है कि ये लोग घर की ऐसी हालत करके जाते हैं जैसे कि कोई बम फट गया हो। ये लोग जैसे बैठे थे वैसे ही उठकर भाग गये।
9. सकुबाई के साहब और मेम साहब का नाम क्या क्या है ?
   किशोर कपूर और पूजा कपूर

VTM NSS COLLEGE LIBRARY

10.सकुबाई पोमला को बेबी क्यों पुकारती थी ?

सकुबाई को पोमला नाम बोलना बहुत मुश्किल लगा, इसलिए वह उसे बेबी पुकारती थी।

11.सकुबाई की बेटी का नाम क्या है ?

साइली

12. सकुबाई मुंबई के परिवारवालों के साथ कब से काम करती है ?

पन्द्रह साल से

13. सकुबाई का असली नाम क्या है ?

शकुन्तला

14. सकुबाई की माँ का नाम क्या है ?

लक्ष्मीबाई तुकाराम जागड़े

15. सकुबाई के कितने भाई-बहन हैं ?

एक भाई और एक बहन। भाई का नाम नितिन और बहन का नाम बसन्ती।

16. सकुबाई की माँ ने चाँदी की पायल क्यों बेची थी ?

अपने बेटे नितिन को स्कूल भेजने केलिए सकुबाई की माँ ने चाँदी की पायल बेची थी।

17. सकुबाई और माँ किसके साथ मुंबई गयी ?

सकुबाई और माँ अपनी नानी और मामा के साथ मुंबई गयी।

18. रुँगटा साहब कौन है ?

सकुबाई और माँ मुंबई शहर में जिस घर में काम करती थी उस घर का मालिक है रुँगटा साहब।

VTM NSS COLLEGE LIBRARY

19. सुरेखा रानी कौन है ?

सुरेखा रानी एक मशहूर फिल्म अभिनेत्री है और वह रुँगटा साहब की प्रेमिका भी है।

20. बेघर सकुबाई और माँ केलिए किसने रहने का इंतज़ाम करवाया था ?

हुसैन मामा ने

21. सकुबाई की शादी किसके साथ हुई ?

यशवंत घाघ के साथ

22. मिश्राइन कौन है और उसका सकुबाई के जीवन के साथ क्या संबन्ध है ?

सकुबाई के पति का मिश्राइन के साथ नाजायज़ संबन्ध था।

23. मिसिस खन्ना कौन है ?

मिसिस खन्ना पूजा मेमसाहब की सहेली है।

24. नितिन की पत्नी का नाम क्या है ?

सुमन

25. सकुबाई स्कूल क्यों नहीं गयी ?

लड़की होने के कारण सकुबाई को स्कूल नहीं भेजी गयी। उसको ही नहीं उसकी बहन को भी स्कूल नहीं भेजी।

26. सकुबाई ने अपनी बेटी का नाम साइली क्यों रखा ?

सकुबाई साईबाबा की भक्ता थी। साइली का जन्म साईबाबा के दिन यानी शुक्रवार को हुई थी। इसलिए उसका नाम साइली रखा।

VTM NSS COLLEGE LIBRARY

27. सकुबाई की बहन बसन्ती की शादी किसके साथ हुई थी?

सकुबाई की बहन बसन्ती, अहम्मद नामक एक रिक्शेवाले के साथ भाग गयी थी।

28. शहनाज़ कौन है?

शहनाज़ एक मुसलमान औरत है जिसके घर में सकुबाई काम करती थी। उसका पति मार्केट में प्लास्टिक की दूकान चलाता था।

29. सकुबाई के पति की मृत्यु कैसे हुई थी?

सकुबाई के पति को एड्स हुआ था जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गयी।

30. सकुबाई नामक नाटक में चित्रित कुछ प्रमुख समस्यायें क्या क्या हैं?

अशिक्षा, गरीबी, शहरी ज़िन्दगी का यथार्थ चित्र, बेरोज़गारी, भूख, विवाहेतर संबन्ध, नारी का उत्पीडन आदि।

VTM NSS COLLEGE LIBRARY